भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**राजभाषा प्रभाग**

**फा.सं. भाखेप्रा/रा.भा./3017/2024-25/1322** **दिनांक 25.06.2025**

**विषय: भाखेप्रा. मु.का. में दिनांक 27.06.2025 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला के आयोजन के संबंध में।**

उपरोक्त विषय पर, रा.भा. प्रभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी और राजभाषा नियमों के अनुपालन के क्रम में तथा सचिव, भाखेप्रा द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में दिए गए निदेशानुसार, भाखेप्रा. मु.का. के भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में हिंदी कार्यशाला आयोजित की जा रही है। हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान का विवरण निम्नानुसार है : -

**तिथि : दिनांक 27.06.2025 को**
**समय : प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे**
**वक्ता : श्री संजय कुमार सिंह, सेवानिवृत, उप महाप्रबंधक, आई.ओ.सी, दिल्ली**
**विषय : राजभाषा परिचय, नीति, नियम तथा अधिनियम**

भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्य कार्यालय/स्टेडिया के समस्त उपनिदेशक, सहायक निदेशक, सहायक, अनुभाग अधिकारी तथा प्रभागों में तैनात राजभाषा नोडल अधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस कार्यशाला में व्यक्तिगत रूप से अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

क्षेत्रीय केंद्रों में तैनात अधिकारी/कार्मिक इस कार्यशाला में ऑनलाइन जुड़ेंगे । ज़ूम लिंक जल्द ही शेयर किया जाएगा।

इसे सचिव भाखेप्रा के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(डॉ.गीता पाराशर)
निदेशक/प्रभारी (रा.भा.)

जारी.............

प्रतिलिपि सूचनार्थ : -

1. महानिदेशक, भाखेप्रा के उपनिदेशक
2. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
3. भाखेप्रा मुख्य कार्यालय के समस्त प्रभाग प्रमुख/स्टेडिया - प्रशासक

- अनुरोध है कि इस कार्यशाला में भाग लेने हेतू अपने नियंत्रणाधीन अधिकारियों एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों को इस सूचना से अवगत कराएं और उक्त अवधि के दौरान उन्हें कार्यशाला में भाग लेने हेतू कार्यमुक्त करें। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों की सूची राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को भेजी जाएगी। क्षेत्रीय केंद्रों के अधिकारियों/कार्मिकों को बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु एक ज़ूम लिंक उपलब्ध करवा दिया जाएगा। कृपया बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने की कृपा करें।

4. उप-निदेशक (सामान्य प्रशासन प्रभाग)

- अनुरोध है कि इसे प्रथमिकता आधार पर लेते हुए दिनांक 27.06.2025 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष आरक्षित करें।
- भाग लेने वाले लगभग **40-50** अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतू जलपान (जल+चाय+बिस्कुट) इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
- व्याख्यान हेतू प्रोजेक्टर एवं माईक की व्यवस्था भी करें।

5. आई.टी. प्रभाग

- अनुरोध है कि दिनांक 27.06.2025 को आयोजित कार्यशाला में सहयोग प्रदान करने हेतू किसी कर्मचारी को नामित करें।